# संकट में है हस्तिनापुर के भगवान!

## चोरों के हौसले बुलंद, पौराणिक राधा-कृष्ण मंदिर से लड्डू गोपाल की मूर्ति चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** धर्म नगरी हस्तिनापुर में आए दिन चोरी की घटना हो रही हैं जिसमें मुख्यत: चोरों ने भगवान के घर को ही अपना निशाना बनाया हुआ है। अभी पूर्व में हुई जैन समाज के मंदिर कैलाश पर्वत मंदिर में अष्टधातु की दो मूर्तियां व चांदी निर्मित सिंहा. सन चोरी होने में पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम रही। वहीं चोरों के हौसले बुलंद होने पर हस्तिनापुर नगरी में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में 16 इंच की लड्डू गोपाल की मूर्ति सोमवार की मध्य रात्रि को चोरी हो गई। आश्चर्य की बात यह है कि महज 200 मीटर दूर पुलिस चौकी स्थित है उसके उपरांत भी चोरों के हौसले हस्तिनापुर नगरी में बुलंद दिखाई दे रहे हैं। माना यह जा रहा है कि हस्तिनापुर पुलिस निगरानी के बजाय सोने पर ध्यान दे रही है। नगर में दहशत का माहौल है। पुलिस चोरों को पकड़ने की बजाय हताश नजर आ रही है। लगभग पुलिस की चार टीमें चोरों को पकड़ने के लिए लगाई गई हैं लेकिन पुलिस के हाथ कुछ भी नहीं आ रहा। नगर की जनता व जैन समाज के लोगों ने मेरठ कमिश्नरी चौक से चोरी के विरुद्ध चोरों को पकड़ने की कार्रवाई में पुलिस की निष्क्रियता देखते हुए धरना प्रदर्शन किया व डीएम को ज्ञापन सौंपा था। वहीं इस मामले में स्थानीय पुलिस का कहना है कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं है, कहीं कोई चोरी नहीं हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है क्योंकि अभी तक पहली चोरी का खुलासा नहीं हुआ है उसके बाद यह मामला पुलिस की किरकिरी करा सकता है इसलिए इसे दबाने का प्रयास किया जा रहा। अब इस मामले में कितनी सच्चाई है यह देखने वाली बात है।






# शाहजहांपुर एनपीआरसी में संकुल मीटिंग का हुआ आयोजन

■ संकुल के सभी विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए किया गया प्रेरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मंगलवार को एनपीआरसी शाहजहांपुर कि संकुल मीटिंग का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहजहांपुर में किया गया जिसमें दिए गए एजेंडा के अनुसार पास द मैसेज गतिविधि कराई गई जिसमें सभी शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। संकुल के सदस्यों द्वारा गणित एवं भाषा शिक्षण में रेमेडियल कार्य के अंतर्गत टीएलएमके प्रयोग पर चर्चा की गई और गणित शिक्षण में दी गई कार्य पुस्तिका के अनुसार जोड़ एवं घटाना में प्रचलित विधियों पर चर्चा की गई तथा रिमिडियल शिक्षण हेतु इनके प्रयोग पर बल दिया गया। साथ ही समस्त शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का गठन करने और बच्चों को इन इको क्लब की गतिविधियों से जोड़ने पर चर्चा की गई। संकुल के समस्त विद्यालयों को निपुण बनाने हेतु प्रेरित किया गया। एआरपी अमित कुमार के मार्गदर्शन में मीटिंग का संचालन किया गया संकुल सदस्यों हरीश शर्मा, साक्षी, तारिक जमील, पिंकी वर्माद्वारा डीसीएफ भरा गया। मीटिंग में न्याय पंचायत के शबाना, शाहजबी, प्रेमचंद, सतीश कुमार, वकार अहमद, विरासत अली, परवेज सरफराज, हरीश शर्मा, उमेश कुमार, संजय कुमार, नसीम आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# प्रबंध निदेशक ने विद्युत उपभोक्ताओं से किया एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने का आह्वान

■ ओटीएस योजना में उपभोक्ताओं को मिल रहा है बिजली के बिलों में लगे सरचार्ज पर छूट का लाभ

■ 30 प्रतिशत धनराशि जमा कराकर योजना में पंजीकरण करा सकते हैं उपभोक्ता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान, औद्योगिक श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिल को जमा करने मे बड़ी राहत देते हुए उ.प्र. सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लागू एकमुश्त समाधान योजना मे तृतीय चरण की अवधि 16 फरवरी से 28 फरवरी तक (15 दिवस) के लिए विस्तारित की गयी है। योजना के तहत बिजली के बिलों में लगे सरचार्ज पर छूट का लाभ प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई थी जिसे अब 28 फरवरी तक विस्तारित किया गया है। उपभोक्ता योजना मे निर्धारित तिथि के अनुसार पंजीकरण कराकर, योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस संबंध में प्रबंध निदेशक श्रीमती ईशा दुहन, आईएएस ने उपरोक्त श्रेणी के सभी बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं से आह्वान किया है कि यदि योजना मे, कोई पात्र उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो शीघ्र अपने नजदीकी खण्ड/उपखण्ड कार्यालय से संपर्क कर, योजना का लाभ उठायें। उपभोक्ता योजना मे 30 प्रतिशत धनराशि जमा करा कर, पंजीकरण करा सकते हैं तथा. शेष धनराशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में जमा कराने की सुविधा प्रदान की गयी है। उपरोक्त श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि सरचार्ज मे छूट के अन्तिम स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाने के लिए, आज ही पंजीकरण करायें और सरचार्ज मे छूट का लाभ उठायें। उपभोक्ताओं मे योजना के प्रति भारी उत्साह है, विभाग को योजना से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं, अब तक दस लाख उनसठ हजार पाँच सौ अठाइस उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण करा कर, सरचार्ज मे छूट का लाभ उठाया जा चुका है। बकायेदार उपभोक्ता अपने नजदीकी खण्ड/उपखण्ड कार्यालय, कैश काउण्टर, जनसेवा केन्द्र एवं विभागीय वेबसाईट www.uppcl.org पर आज ही पंजीकरण कराकर छूट का लाभ उठा सकते हैं। योजना के बारे में किसी भी शंका के समाधान हेतु, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के हेल्प लाइन नंबर 1912 एवं टोल फ्री नम्बर 18001803002 पर संपर्क कर, योजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# चार दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का उद्घाटन

## सीसीएसयू में हुआ कार्यक्रम का आयोजन, फोटोग्राफी के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में चार दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। इस कार्यशाला में फोटोग्राफी के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य विषय विशेषज्ञ, प्रख्यात फोटोग्राफर विश्व मोहन नौटियाल ने छात्रों को फोटोग्राफी की बारीकियां समझाते हुए कहा कि एक बेहतरीन फोटोग्राफ खींचने के लिए केवल कैमरा पकड़ना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसके लिए फोटो की गहरी समझ विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कैमरे की क्वालिटी, लेंस, अपर्चर और प्रकाश व्यवस्था से संबंधित सामान्य ज्ञान को आवश्यक बताया। विश्व मोहन नौटियाल ने बताया कि वर्तमान समय में पत्रकारिता में विविधता आने के कारण फोटोग्राफी का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। आउटडोर एवं इनडोर फोटोग्राफी के दौरान प्रकाश व्यवस्था की महत्ता को समझाते हुए उन्होंने कहा कि एक अच्छी फोटो खींचते समय इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि अनावश्यक छायाएं (शैडो) ना पड़ें और चेहरे पर अधिक रोशनी का परावर्तन (रिफ्लेक्शन) न हो। उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों के लिए फोटोग्राफी करते समय विशेष सतर्कता की आवश्यकता होती है, क्योंकि किसी भी कृश्य की स्थिति क्षण भर में बदल सकती है। ऐसे में उचित समय का इंतजार करना और सही समय पर कैमरे का क्लिक करना आवश्यक होता है, ताकि तस्वीर में स्वाभाविकता बनी रहे और वह दर्शकों व पाठकों को वास्तविकता के अधिक निकट लगे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल के निदेशक, प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने बताया कि चार दिवसीय इस कार्यशाला में फोटोग्राफी के विभिन्न तकनीकी एवं कलात्मक पहलुओं को गहराई से समझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक प्रभावी फोटो हजार शब्दों के बराबर होती है, इसलिए फोटोग्राफी को केवल कला नहीं, बल्कि एक सशक्त संचार माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए।



उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल युग में फोटोग्राफी के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और छात्रों को इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए लगातार अभ्यास एवं नवीन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने फोटोग्राफी से जुड़े अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानका. रियां प्राप्त कीं। चार दिवसीय इस कार्यशाला में कैमरा संचालन, विभिन्न प्रकार की लाइटिंग तकनीकों, कोण (एंगल) चयन, कंपोजिशन, डिजिटल एडिटिंग, और फोटो जर्नलिज्म से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन का नि:शुल्क हृदय जांच शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन द्वारा गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एक नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शि. विर में 7 नए मामलों की पहचान की गई, जबकि 3 पूर्व-निदानित मामलों की भी पुन: जांच की गई। शिविर में उन 3 माता-पिता ने भी भाग लिया जिनके बच्चे इस फाउंडेशन के उपचार से स्वस्थ हो चुके हैं। आयोजन को सफल बनाने में प्योर पेटल्स नर्सरी, शाहजहाँपुर का विशेष सहयोग रहा।

इस शिविर में स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए किरण पांडेय, विनोद महतो, मोहम्मद यूसुफ, सुरेंद्र सिंह, अहोना चट्टोपाध्याय, दीपक रजक, उमर फारूक, सुभांशु वर्मा, डॉ. एल. बिद्यारानी चानू और डॉ. एन. दयालजीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, फाउंडेशन से जुड़े नसीब आलम खान, अमीर हसन खान,खुर्रम खान, शाहजैब खान, सुहैल खान और मुस्तफीज खान ने भी शिविर में सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. फैयाज उल्लाह खान, डॉ. मोहम्मद यूसुफ खान, डॉ. जफर उल्लाह खान और रफीउज्जमा खान के साथ-साथ स्वतंत्र पत्रकार और पूर्व बीबीसी शोधकर्ता एवं पत्रकार सुमैया अली भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन वर्षों से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए नि:शुल्क जांच, परामर्श और उपचार की दिशा में काम कर रहा है। इस संगठन की प्रतिबद्धता ने हजारों बच्चों को नई



जिंदगी दी है। वहीं, गेल इंडिया लिमिटेड जैसी संस्थाएँ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह शिविर बच्चों में हृदय संबंधी बीमारियों की शीघ्र पहचान और उचित उपचार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# बोर्ड परीक्षा: शहजाद नसीर ने बताए सफलता के सात सूत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** यूपी बोर्ड परीक्षाएँ शुरु होने में अब गिनती का समय ही बाकी है जबकि सीबीएसई परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं। परीक्षाएं सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। चाक चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। वहीं परीक्षाओं को लेकर परीक्षार्थियों में तनाव व विभिन्न प्रत्कार के भ्रम मस्तिष्क में आते हैं। इसी सम्बंध में महलका एजुकेशन सेन्टर के संच. ालक शहजाद नसीर से बातचीत की गई। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में सफलता के सूत्रों पर बातचीत की, जिससे परीक्षार्थियों में एक आत्मविश्वास पैदा कर उनके एग्जामफोबिया को खत्म किया जा सके।

**सकारात्मक बने:** सकारात्मक सोच बनाए रखना और अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखना बहुत जरूरी है। आपने पूरे साल मेहनत की है, कॉन्फिडेंस और कन्सन्ट्रेशन रखें। नकारात्मकता को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**स्वस्थ आहार खाएं:** पौष्टिक आहार लेने से एकाग्रता ओर अच्छे प्रदर्शन के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है। मीठे पेय पदार्थों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से दूर रहें और इनके स्थान पर फल, सब्जियाँ, और साबुत अनाज जैसे सम्पूर्ण खाद्य पदार्थ चुनें।



**व्यायाम करें:** तनाव और चिन्ता को कम करने के लिए व्यायाम करना एक शानदार तरीका है इस पर विशेष ध्यान दें। तैयारी से थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करने से आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी।

**पर्याप्त नींद और ब्रेक लें:** बोर्ड परीक्षा के दौरान बहुत सारे बच्चे ये गलती करते है कि परीक्षा की टेंशन के कारण पूरी नींद नहीं लेते। नींद पूरी न होने के कारण वे बीमार पड़ जाते हैं और साथ ही साथ उनका मस्तिष्क अब अच्छी तरह से काम नहीं करता, वे याद किया हुआ पाठ्यक्रम भी अच्छे से नहीं दोहरा पाते इसलिए पर्याप्त नींद बहुत जरूरी है।नींद पूरी होने से आपका दिमाग तरोताजा रहता है और पढ़ा हुआ अच्छे से याद रहता है। परीक्षा की तैयारी के समय थोडा ब्रेक लेकर भी पढ़ें जिससे आप हर बार फ्रेश महसूस करेंगे।

**रिवीजन करें और रटने से बचें:** हर विषय के कॉन्सेप्ट को अच्छे से समझे और उसे बार-बार दो. हराते रहें जिससे वो आपको हमेशा याद रहेगा और आसान भी लगने लगेगा। रिवीजन के, साथ ही साथ लिखकर अभ्यास करें।

**सक्रिय शिक्षण तकनीक का उपयोग करें:** सक्रिय शिक्षण तकनीक जैसे माइंड मैप बनाना, अभ्यास परीक्षण करना, सीखने और याददाशत को बेहतर बनाने के लिए उपयोगी है।

**परफॉर्मेंस एनालिसिस करें:** बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय परफॉर्मेंस एनालिसिस करना बहुत ही जरूरी है ऐसा करने से आपको पता चलता है कि कौनसे टॉपिक में कितना समय लग रहा है और साथ ही कौनसा टॉपिक कठिन लग रहा है। जो टॉपिक आपको कठिन महसूस हो रहे हैं उसमें थोड़ी मेहनत और करें। पिछले सालों के पेपर सोल्व करें जिससे आपकी कठिनाई काफी हद तक दूर हो जायेगी साथ ही आपको प्रश्न-पत्र का पैटर्न भी समझने में मदद मिलेगी।

# प्रेमी युगल को ऑनर कीलिंग का खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र में एक नवविवाहित जोड़े ने प्रेम विवाह के बाद ऑनर किलिंग का खतरा बताते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। युवती ने वीडियो में आरोप लगाया है कि उसके परिवार वाले लगातार उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रेमी युगल का कहना है कि थाना खुर्जा नगर पुलिस से मदद मांगने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। युवती ने वीडियो में स्पष्ट रूप से कहा है कि भविष्य में अगर उनके साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके लिए उसका परिवार और पुलिस जिम्मेदार होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर में स्थित शताक्षी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष सीवर में छठे दिन स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह के नेतृत्व में ग्राम चितवाना शेरपुर में स्वच्छ ग्रामीण अभियान के तहत श्रमदान कर शि. विर स्थल प्राथमिक विद्यालय की सफाई की। वहीं गांव में रैली निकाल. कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ के नारे लगाए बौद्धिक सत्र में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरज सिंह ने सभी स्वयं सेवकों को स्वच्छता के बारे में बताया कॉलेज के अध्यक्ष राजेंद्र नागर व चेयरमैन मोनू तोमर ने सभी संस्था के लाभ बताएं और उनका उत्साह वर्धन किया। प्राचार्य डॉक्टर अब्दुल सलीम कमल शर्मा आकांक्षा का विशेष सहयोग रहा। शिविर में लेबा, खुशी, नैना, अंजलि, मानसी, संजना, श्वेता, अनीता, प्रिंस, विशाल, गुड्डू, अंकुर, विक्रांत, दीपांशु, रिया नागर, काजल आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में थ्रॉम्बोलाइसिस की सहायता से बचाई मरीज की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक प्रसि) चिकित्सालय है, जहां आये दिन गंभीर मरीजों का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जन हित में किया जाता है। इसी क्रम में मरीज सुरेश (बदला हुआ नाम) निवासी लाल कुर्ती मेरठ को प्रात: 3:30 बजे अचानक से सांस लेने में कठिनाई होने लगी, जिससे परिवार. जन चिंतित हो गए। तत्पश्चात् उन्हें तुरंत प्यारे लाल जिला चिकित्सालय मेरठ ले जाया गया, जहां पर उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उनको मेडिकल कॉलेज मेरठ के लिए रेुर कर दिया गया। चिकित्सालय में जाँचोपरांत और पूछताछ के दौरान पता चला कि मनीष को अचानक से पेशाब रुकने की समस्या हो गई थी, साथ ही सांस लेने में कठिनाई और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मरीज की तुरंत ईसीजी एवं अन्य जांचजाँचे कराई गई, जिसमें दिल के दौरे (हार्ट अटैक) के संकेत मिले।



इसके बाद संबंधित ट्रोप-टी टेस्ट किया गया, जो पॉजिटिव पाया गया। मरीज को तुरंत स्ट्रेप्टोकाइनेज इंजेक्शन देकर 'थ्रॉम्बोलाइसिस' किया गया। उपचार के दौरान मरीज को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई और धीरे-धीरे, छह दिनों में उनकी स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो गई। मरीज का उपचार डॉ. योगिता सिंह, डॉ. रचना सेमवाल, डॉ. अंशुल मित्तल, डॉ. आकाश वर्मा के अधीन किया गया। इसके अतिरिक्त, कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार सोनी और नेफ्रोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निधि गुप्ता की भी सहायता ली गई। अब मरीज को नियमित रूप से हर सप्ताह जांच कराने की सलाह दी गई है, ताकि उनके स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जा सके। उपरोक्त थ्रॉम्बोलाइसिस प्रकिया हेतु प्राचार्य डॉ. आर सी गुप्ता ने मेडिसिन विभाग, कार्डियोलॉजी विभाग व नेफ्रोलॉजी विभाग को बधाई दी।

# नाबालिग छात्र से किया दुष्कर्म

**बुलंदशहर।** स्कूल जा रही कक्षा 7वीं की नाबालिग छात्रा को दुकान में खींचकर दुकानदार ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। परिजनों सहित थाने पहुंचे लोगों ने हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। पुलिस ने पीड़िता के चाचा की तहरीर पर आरोपी तथा उसकी मां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अनूपशहर की एक मोहल्ला निवासी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 12 वर्षीय भतीजी कक्षा 7वीं की छात्रा है। मंगलवार की सुबह वह घर से स्कूल जा रही थी। स्कूल के निकट दुकानदार दानिश पुत्र अब्दुल क्यूम निवासी खुशलगढ़ रोड अनूपशहर छात्रा को दुकान में खींचकर ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर स्कूल प्रबंधक व अन्य लोगों ने दुकान में घुसकर छात्रा को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया।

**NOTICE**

Ghose Intkhab Khan S/o Intkhab Khan Shahjahanpur Distt. Meerut Pin 250104. I am changing my name from Intkhab Khan Ghose to Ghose Intkhab Khan for passport issuance and all purpose in future.

**देहली कॉलेज ऑफ लॉ, मेरठ**

**की प्रबंध समिति के पंचवर्षीय चुनाव (2025-30) का कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | साधारण सभा के सदस्यों की सूची का प्रकाशन, आपत्ति एवं निस्तारण | : 19.02.2025 (प्रात: 10:00 बजे से 11:15 बजे) |
| 2. | सूची का अंतिम प्रकाशन | : 19.02.2025 (प्रात: 11:30 बजे) |
| 3. | नामांकन एवं नामांकन पत्रों की जांच | : 19.02.2025 (प्रात: 11:30 बजे) से 20.02.2025 (सांय 03:00 बजे तक) |
| 4. | नामांकन वापिस लेना | : 20.02.2025 (सांय 04:00 से 05:00 बजे तक) |
| 5. | मतदान यदि आवश्यक हुआ एवं परिणाम | : 21.02.2025 (प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे, तत्पश्चात परिणाम घोषित) |

**सम्पर्क सूत्र:**- डॉ. शोभित शर्मा, चुनाव अधिकारी
मो. 9359580681, shosha07@rediffmail.com

**चुनाव स्थल**
देहली कॉलेज ऑफ लॉ, परतापुर बाईपास, घाट रोड, मेरठ (उ.प्र.)

# अहिंसा, क्षमा, समझ और प्रेम दिल को छू लेगा: राजेंद्र जैना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अहिंसा, क्षमा,समझ और प्रेम का जैन समाज ने हमेशा ही अनुसरण किया है, भगवान महाव. ीर के आदर्शोंऔर कार्यों के माध्यम से, यह सीरीज दर्शकों को जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों जैसे शांति,प्रेम और सहिष्णुता का एहसास कराएगी, यह सीरीज एक सशक्त और प्रेरणादायक कहानीके रूप में प्रस्तुत की गयी है, जो न केवल परिवार के हर सदस्य के लिए, बल्कि सभीआयु और धर्म व् वर्गों के दर्शकों के लिएएक प्रेरणा बन सकती है, यह कहना था डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना का जिन्होंने प्रेसक्लब में मीडिया को सम्बोधित करते हुए अपनी आनेवाली सीरीज ष्जैन संदेशष के विषय में बताया जो जल्दही ओटीटी प्लेटफार्म्पर रिलीज होने वाली है, उन्होंने आगे बतायाकि यह सीरीज ष्जो एक परिवारिक ड्रामा है और इसमें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों औरजैन धर्म की शिक्षाओं का संदेश दिया गया है। इस सीरीज के के पहले सीजन में 5एपिसोड्स जल्द ही भारत के प्रमुख प्लेटफार्म्स जैसे हंगामा, एयरटेल एक्सट्रीम,वोडाफोन, टाटा प्ले बिंज और वाचो पर प्रसारित होगी। . म्दजमतजंपदउमदजे, जो दिल्लीका एक जाना-माना प्रोडक्शन हाउस है, ने इस सीरीज का निर्माण किया है। इसके संस्थापकऔर प्रमुख डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना, जिन्होंने इस परियोजना को अपनी भावनाओं और सिनेमाके प्रति गहरी रुचि के साथ आकार दिया है। सीरीज के प्रमुख किरदारों में डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना, राज राय, श्रद्धा वासदेव, रेनूपहाड़ी बसी, और श्याम सुन्दर शामिल में हैं। क्रिएटिव टीम में डॉ.इंजीनियर राजेंद्र जैना ने लेखन (स्क्रीनप्ले और संवाद) किया है, जबकि डॉ. श्रेयन्सजैन ने इसका निर्देशन किया है। संगीत तुषार व्यास, सिनेमाटोग्राफी अमरेश सिंह, संपादन भी तुषार व्यास, प्रोडक्शन डिजाइनडॉ अजय जैन एवं शरली जैन , कार्यकारी निर्माता डॉ. अजय जैन है। जे. आर एंटरटेनमेंट ने फिल्मों, सीरीज, वेब सीरीज और संगीत वीडियो के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, जे. आर एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस ने कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नॉटी / फोर्टी, द लाल और कई अन्य ऑडियो और वीडियो सीडी




जैसे द हरजाई, एक ही नाम साई राम, और अइया-अइया सुकु-सुकु और धारावाहिक आखिरी पड़ाव व कई थिएटर लिखे, निर्मित और मंचित किए हैं। प्रोडक्शन हाउस ने गायन और नृत्य के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन करने के लिए 15 से अधिक टैलेंट हंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस अवसर पर आनंद किशोर ने कहा की ने फिल्म, सीरीज, वेब सीरीज और म्यूजिक वीडियो के निर्माण में भी अपनीप्रतिबद्धता दिखाई है। आने वाले समय में, डॉ. इंजीनियर राजेंद्र जैना के जीवन पर आधारितबायोपिक फिल्म का निर्माण भी जल्द शुरू होने वाला है, जो उनकी जीवन यात्रा और समर्पणको दर्शाएगी। का उद्देश्य दिल्ली और अन्य क्षेत्रों के कलाकारों केलिए एक मंच प्रदान करना है, जिससे उन्हें लगातार काम मिल सके और उचित मूल्य पर यह अवसरप्राप्त हो सके। डॉ. इंजी. नियर राजेंद्र जैना का सिनेमा के प्रति यह प्यार और समर्पणअत्यंत सराहनीय है और यह भारतीय सिनेमा के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

# शिविर लगाकर किसानों को जानकारी दी

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव गंदू नगला में पशु चिकित्सक विभाग की ओर से पशु कल्याण जागरुकता एंव बाझपन निवारण घशिविर का आयोजन किया गया। घशिविर में किसानों को चिकित्सकों ने विघभिन्न जानकारी दी। मंगलवार को आयोजित किए गए शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान मुकेश कुमार ने फीता काटकर किया।

शिविर में सहायक पशु चिकित्सक अधिकारी डाक्टर नितिन गौतम ने पशु पालकों को बताया कि निराश्रित पशुओं, पघक्षियों को जल और भोजन की व्यवस्था करना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में पाल. कों को पशुओं को इंजेक्शन देकर दूध नहीं निकालना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने पशु पालकों को पशुओं में होने वाली बाझपन की समस्या से भी अवगत कराते हुए उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी।

पशु धन प्रसार अधिकारी रश्मि ने पशुओं को स्वास्थ रखने के लिए सरकार की ओर से समय पर लगाए जाने वाले सभी टीकाकरण को कराने की बात कहीं। इस दौरान पशु पालकों को बाझपन की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया।

इस दौरान प्रियपाल, आयुष रघुवंशी, रतन सिंह, विरेंद्र सिंह,सुशील, रविंद्र, राहुल आदि मौजूद रहें।

## गढ़ आसपास

### शरारती तत्वों नाव में लगाई आग

**ब्रजघाट,गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा नगरी में सरकारी गेस्ट हाउस के निकट गंगा किनारे खड़ी पुरानी नाव में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। आग लगने से मौके पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान पुलिस ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। ब्रजघाट गंगा किनारे पर समय समय पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। कभी गंगा में श्रद्धालुओं को डूबने के लिए लगाई गई जैटी बैरिकैड्स में आग लगाई जा रही है तो कभी नाव में । सोमवार की रात में भी शरारती तत्वों ने गंगा किनारे सरकारी गेस्ट हाउस के पास खड़ी एक पुरानी नाव में आग लगा दी। आग लगने से वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। देर रात को ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले शरारती तत्वों की तलाश भी तेज कर दी है

### घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के साथ पिटाई कर दी। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरा. ेपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव निवासी एक युवक ने बताया कि उसके मां और पिता की मौत हो चुकी है। उनकी मौत के बाद वह अपनी नाबालिक बहनों का पालन पोषण करता है। पीड़िता ने बताया कि उनके ही खानदानी युवक उसकी 17 वर्ष की बहन के साथ स्कूल आने जाने के दौरान छेड़छाड़ करता है। इस दौरान आरोपी ने उसकी बहन की वीड़ियो बनाकर ब्लैकमेल किया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उनके घर में घुसकर उसकी बहन के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। पीड़िता के शोर मचाए जाने पर आरा. ेपी ने उसकी बहन के साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने भाई को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दिया है।

### सरकारी एंबुलेंस के ड्राइवर पर अभद्रता करने का आरोप

**सिंभावली,गढ़मुक्तेश्वर।** प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती को अस्पताल पहुंचाने के लिए बुलाई गई सरकारी एंबुलैंस के चालक ने मनमानी करते हुए घर के बाहर आने से साफ इंकार कर दिया, जिससे नाराज महिलाओं ने चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सिंभावली क्षेत्र के गांव माधापुर में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार की महिलाओं ने सरकारी एंबुलैंस को कॉल कर बुला लिया था। परंतु चालक ने मनमानी करते हुए एंबुलैंस को गांव के बाहर ही रोक लिया। महिलाओं द्वारा कई बार कॉल करने के बाद भी घर तक पहुंचना तो दूर बल्कि चालक अनाप शनाप बात कहते हुए खुली मनमानी करने लगा। महिलाओं ने सीएचसी सिखैड़ा में पहुंचकर आरोपी एंबुलैंस चालक के विरुद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है। जिनका कहना है कि प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती की हालत अचानक बिगडने लगी थी, जिस पर कॉल कर बुलाई गई एंबुलैंस को चालक ने मनमानी करते हुए गांव के बाहर ही रोक लिया था। जो गर्भवती को वहीं लाने का दबाव बना रहा था मगर उसे गांव के बाहर लाना किसी भी दशा में संभव नहीं हो पा रहा था। सीएचसी अधीक्षक डॉ.कपिल बैसला का कहना है कि गांव माधापुर की महिलाओं द्वारा की गई शिकायत के आधार पर विभागीय स्तर से मामले की जांच कराकर मनमानी करने वाले चालक के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई कराई जाएगी।

### गाली गलौज का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला, घायल

**सिंभावली,गढ़मुक्तेश्वर।** गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगों द्वारा हमला करने पर सिर में गंभीर चोट लगने से घायल हुए किसान और उसके भाई की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश सिंभावली क्षेत्र के गांव दत्तियाना निवासी किसान सुरेंद्र त्यागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया है कि रात में करीब आठ बजे वह भाई महेश त्यागी और धर्मवीर के साथ अपनी बैठक में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही अभिषेक, मोंटी गोस्वामी एक अज्ञात लडके को लेकर उसके घर के बाहर खड़े होकर गालियां देने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त तीनों ने लोहे की रॉड से उसके और भाई के सिर पर हमला कर दिया। जिसमें उसे और भाई को काफी गंभीर चोट आने के बाद हमलावर चुप न बैठने पर भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर पीडिघ्त किसान की रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश कराई जा रही है।

### गोकशी के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**सिंभावली,गढ़मुक्तेश्वर।** गोकसी की संगीन घटना में फरार चल रहे शातिर आरोपी को पुलिस ने दिल्ली में घेराबंदी कर उसके घर से ही दबोच लिया।

अपराध की रोकथाम के साथ ही वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत सिंभावली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह ने बताया कि गोकसी के संगीन मामलों में काफी दिनों से फरार चल रहे मकसूद उर्फ मसकूर निवासी गांव ढक्का उझारी थाना सैदनंगली जनपद अमरोहा हाल पता निवासी जोधा बाई एक्सटेंशन ओखला जामिया नगर को उसके दिल्ली में स्थित मकान से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी बेहद शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध सिंभावली समेत विभिन्न थानों में गोकसी के मामले लंबित चल रहे हैं।

# महाशिवरात्रि पर्व पर नाग-नागिन का जोड़ा भी अवश्य चढ़ाना चाहिए: केसी पाण्डेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज/हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा विद्वानों ने प्रधान कार्यालय पर बैठक कर विचार विमर्श कर महाशिवरात्रि पर्व एवं जलाभिषेक मुहूर्त निर्णय दिया महासभा अध्यक्ष पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि देवाधिदेव महादेव व देवी पार्वती के विवाहोत्सव का पावन पर्व महा. शिवरात्रि 26 फरवरी दिन बुधवार को मनाया जाएगा भोलेनाथ का जलाभिषेक 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट से शत्रुनाशक परिघ योग व शुभ की चौघड़िया में प्रारम्भ होगा निर्णयसिंधु व धर्मसिंधु ग्रंथों सहित स्कन्द पुराण, शिव पुराण, लिंगपुराण,नारदसंहिता आदि धर्मग्रंथों के अनुसार फाल्गुन कृष्ण पक्ष में जिस दिन आधीरात के पहले व आधीरात के बाद चतुर्दशी तिथि प्राप्त हो वही महाशिवरात्रि है तथा प्रदोषकाल युक्त हो तो श्रेष्ठ है इस समय शिवरात्रि का व्रत करके पूर्ण फल प्राप्त करें चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11.08 बजे श्रवणनक्षत्र के साथ शुरु होकर सायंकाल 5.23 से धनिष्ठा नक्षत्र लगने के बाद 27 फरवरी को सुबह 8.54 तक रहेगा धर्मग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि



निशीथकालीन पर्व है अतः 26 फरवरी को ही पूर्णतः श्रेष्ठ शास्त्रों. चत समस्त शुभ फल प्रदान करने वाला महाशिवरात्रि है इस दिन जलाभिषेक के साथ दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक व पूजन समस्त भक्तों के लिए अत्यंत शुभ फल देने व कल्याण करने वाला होगा इस दिन प्रदोषकाल में भी पूजन अवश्य करें भगवान भोलेनाथ का अभिषेक गंगाजल से, गाय के दूध से, गन्ने के रस से करना उत्तम रहेगा पूजन में बेलपत्र,भाँग, धतूरा व फूल, आंक, शमी पुष्प व पत्र, कनेर का फूल, कलावा व फल, सफेद मिष्ठान आदि के साथ मनोकामना पूर्ति के लिए पूजन में अक्षत, तिल के साथ नीले, सफेद व पीले पुष्प व दूर्वा भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है अवश्य चढ़ाये साथ ही शिव पंचाक्षर मंत्र, शिव तांडव स्तोत्र व महामृत्युंजय मंत्र का जप भी अवश्य करें भगवान भोलेनाथ को कभी भी हल्दी, रोली, तुलसी के पत्ते, केतकी का फूल, नारियल का जल ना चढ़ाए तथा शंख से अभिषेक भी नहीं करना चाहिए जिस भी जातक की कुंडली में कालसर्प दोष या राहु की नकारात्मक स्थति है उन्हें महाशिव. रात्रि को चांदी अथवा ताँबे के नाग-नागिन का जोड़ा भी अवश्य चढ़ाना चाहिए तथा रुद्राभिषेक भी कराना चाहिए शनि-चन्द्र ग्रह युति दोष अथवा चन्द्र ग्रह की किसी भी अशुभ स्थिति निवारण व कुंडली में ग्रहों के मारकेश निवारण के लिए भी महाशिवरात्रि का दिन श्रेष्ठ है महाशिवरात्रि के दिन चार प्रहर रुद्राभिषेक पूजन भी विधान है जिससे समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति होती है महाशिवरात्रि पूजन में भद्रा विचार नहीं लिया जाता महासभा प्रवक्ता डॉ0 करुण शर्मा ने बताया कि समस्त मंदिरों को जलाभिषेक समय मुहूर्त की सूचना दी जा रही है जिससे किसी को असुविधा ना हो तथा प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर सके बैठक में उपाध्यक्ष पंडित ब्रजेश कौशिक, कोषाध्यक्ष पंडित मित्र प्रसाद काफ्ले, परामर्श मंडल विद्वान पंडित संतोष तिवारी व ओमप्रकाश पोखरियाल, समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय, लेखानिरीक्षक पंडित देवी प्रसाद तिवारी व्रत पर्व विधिज्ञा अनिशा सोनी पाण्डेय आदि ने विचार रखें।

# अवैध निर्माण पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

**गढ़मुक्तेश्वर।** अवैध रूप से विकसित हो रहीं कालोनी और नक्शा के बिना किए जा रहे निर्माण को एचीपीडी टीम ने बुलडोजर चलाकर तहस नहस कराने की कार्रवाई किए जाने से प्लॉटिंग करने वालों में हडकंप मच गया। उपाध्यक्ष नितिन गौड़ के निर्देशन में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा नक्शे के बिना किए जा रहे अवैध निर्माण और अनाधिकृत प्लाटिंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। गढ़ विकास क्षेत्र से जुड़े सिंभावली क्षेत्र में प्रभारी सचिव/सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता के दिशा निर्देशन में पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जिसमें राजू की गांव खुड़लिया में छह हजार वर्गमीटर, किसान संतोष के सैफी कालोनी और बक्सर स्थित खेत की सात हजार वर्ग मीटर, पुष्पेंद्र सिंह के गांव खुड़लिया, हरोड़ा रोड पर हाईवे किनारे पांच हजार वर्ग मीटर, मोहम्मद यूसुफ की गांव खुड़लिया में हाईवे किनारे दो हजार वर्ग मीटर, गांव खुड़लिया में हाईवे किनारे गुलाम अहमद की ढाई हजार वर्ग मीटर भूमि में अवैध रूप से हो रही प्लाटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान प्रभारी प्रवर्तन अंबरीश कुमार शर्मा, अवर अभियंता देशपाल सिंह के साथ ही प्राधिकरण का सचल दस्ता सम्मिलित रहा। जिसने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि नक्शा पास कराए बिना कोई भी अवैध निर्माण न करे, अन्यथा उसे ध्वस्त करते हुए अग्रिम कार्रवाई भी की जाएऐगी।

### छह महीने पहले किडनैप हुई महिला ने नामजद करते हुए कराया मुकदमा दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** रास्ते से अपहृत कर बेहोशी की हालत में मध्यप्रदेश ले जाई गई महिला जैसे तैसे छह माह बाद बंधनमुक्त होकर वापस लौट आई, जिसने आरोपियों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

गढ़ नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें उल्लेख किया है कि करीब पांच साल पहले उसका निकाह गांव भूड़पुर जनपद बागपत के युवक के साथ हुआ था, जिसने इस दौरान उसने एक बेटे को भी जन्म दिया था। परंतु पति और ससुराल वालों ने उत्पीडन करते हुए करीब डेढ़ साल पहले मारपीट कर उसे घर से बाहर खदेड़ दिया था। जिसके बाद वह अपने मायके में आकर मेहनत मजदूरी से अपनी और बेटी की गुजर बसर करती आ रही थी। महिला का कहना है कि करीब छह माह पहले इस्माईल निवासी गांव बदरखा ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर बदरखा पुलिया के पास से उसका अपहरण कर लिया था। जो वैन गाड़ी में डालकर कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर उसे बेहोशी की हालत में मध्यप्रदेश ले गए थे। जहां कमरे में बंधक बनाकर उससे लगातार बलात्कार करते हुए उसे हर दिन बेहोश कर जाता था। इस दौरान कई बार गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात करा दिया जाता था। पीडिघ्ता का कहना है कि छह फरवरी को वह जैसे तैसे बंधन मुक्त होकर मध्यप्रदेश से भीख मांगती हुई वापस लौटकर घर आई है। पीडिघ्ता का कहना है कि आरोपी इस्माईल के दुष्कर्म किए जाने से अब भी वह दो माह की गर्भवती है। पीडिघ्ता का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है, जो देखते ही उसकी हत्या भी कर सकता है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि पीडित महिला की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के साथ ही आरोपियों की तलाश भी कराई जा रही है।

### घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी पकड़ा

**सिंभावली,गढ़मुक्तेश्वर।** महिला को अकेली देख घर में घुसकर बदनियती से छेडखानी करते हुए विरोध करने पर कमरे में खींचने का प्रयास कर रहे युवक को शोर सुनकर आए जेठ ने रंगे हाथों दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया। सिंभावली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में तहरीर दी है, जिसमें उल्लेख किया है कि सोमवार की देर शाम को वह घरेलू कामकाज कर रही थी। जिसे अकेली देख पड़ोस में रहने वाला एक युवक दीवार फांदकर अंदर घुस आया और बदनियती से छेडखानी करने लगा। जिसका विरोध करने पर आरोपी ने हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती कमरे के अंदर खीचने लगा।

### लूट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी के घर पोस्टर चस्पा किया

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में पनीर की गाड़ी को लूटने के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश के घर पुलिस ने इनाम का नोटिस चस्पा किया है। नोटिस चस्पा करने के बाद आस पास के लोगों से आरोपी के बारे में जानकारी देने की अपील की है। बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक पनीर के गाड़ी चालक से बदमाशों ने पिटाई कर गाड़ी को लूट लिया था। घटना के कुछ घंटों के बाद ही पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन घटना में शामिल एक आरोपी अनमोल निवासी दयाल मार्किट मोहल्ला पट्टी हरनाम सिंह कस्बा स्याना जिला बुलंदशहर फरार हो गया था। आरोपी को उस समय से पुलिस निरंतर दबिश दे रही थी, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका। गत दिनों आरोपी पर पुलिस के आला अधिकारियों ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसके बाद मंगलवार को आरोपी के घर पहुंच कर इनाम का नोटिस चस्पा किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शीघ्र ही आरोपी की संपघत्ति की कुर्की के लिए न्यायालय से मांग की जाएगी।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि सोमवार की रात को पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गांव सलारपुर के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए उसको पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 22 पव्वे शराब के बरामद किए। आरोपी ने अपना नाम इस्तेकार निवासी मोहल्ला जमाईपुरा उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

बुलंदशहर। जेल में बंद भूमाफिया गैंगस्टर सुधीर गोयल के गुर्गे ही बागानों का खुलेआम कत्ल कर रहे हैं। जेल में बंद गैंगस्टर के इशारों पर बाहर घूम रहे उसके गुर्गे पहले तो बागानों को साफ कर रहे हैं और फिर अफसरों की मदद से इनपर अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे हैं। बुलंदशहर का फल पट्टी क्षेत्र जेल में बंद भूमाफिया गैंगस्टर सुधीर गोयल के निशाने पर है। प्रत्येक वर्ष सैंकड़ों की संख्या में हरे भरे बागान गैंगस्टर के गुर्गो द्वारा इलेक्ट्रॉनिक आरी की मदद से रातोंरात काटे जा रहे हैं। ताजा मामला सदर तहसील के अकबरपुर गांव का है। जहां उद्यान विभाग और वन विभाग की मिलीभगत से आम के पेड़ों को अनुपयोगी बताकर काट दिया गया। डीएम के निर्देश पर सदर एसडीएम ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रुकवा दी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर द्वारा जांच कमेटी का गठन किया गया है।

## हापुड़ आसपास

### वर्तमान विधायक हो या पूर्व वेतन सिर्फ एक ही बार मिले: गोपाल शर्मा




**हापुड़।** पार्टी प्रदेश कार्यालय से जारी अपने बयान में ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने विधायकों को मिल रहे वेतन को लेकर सरकार पर उठाया बड़ा सवाल, बता दें कि ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी की प्रदेश कार्यालय पर एक बैठक की गई, बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने अपने बयान में सरकार पर अंगुली उठाते हुए कहा कि सरकार देशहित और जनहित की बातें तो करती है लेकिन अपनी ही की जा रही गलतियों की तरफ ध्यान नहीं देती है, जैसे कि एक से अधिक बार विधायकों को मिल रहे वेतन को लेकर,अबैठक में पंडित गोपाल शर्मा ने सरकार से बार बार या एक से अधिक बार विधायक को मिल रहे वेतन को लेकर राजस्व में हो रही भारी हानि की ओर इशारा करते हुए सरकार से विधायक को एक ही बार वेतन देने की मांग की, उन्होंने कहा कि अगर सरकार विधायक को एक ही बार वेतन का प्रस्ताव पास करती है तो सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम देशहित व जनहित में बहुत बड़ा योगदान होगा।

### स्टाफ ने धूमधाम से विदाई समारोह का कार्यक्रम मनाया



**हापुड़।** प्रधान डाकघर में निरीक्षक डाकघर उप मंडल हरि सिंह गोदारा का स्थानांतरण अंबाला हरियाणा में होने पर उनको विदाई दी गई। गोदारा मिलनसार ईमानदार और कर्मठ व्यक्तित्व के इंस्पेक्टर डाक थे उनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। उनके भविष्य की शुभ कामना करते हुए उन्हें पोस्टमास्टर श्रवण कुमार ने विदा किया गया। उनकी जगह जितेन्द्र शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया वह भी काफी मिलनसार हैं। पोस्टमास्टर प्रधान डाकघर श्रवण कुमार के साथ डाक परिवार के सदस्य संजय तोमर, नितिन चौधरी, अंकित नेहरा, शिवमूर्ति, शशि बाला आदि उपस्थित रहे।

Truhome FINANCE

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

माँग सूचना पत्र

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिबास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018 **शाखा कार्यालय:** लेवल 3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051 **website: www.truhomefinance.in**

जबकि यहां उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/ ने **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हमारा कहना है कि वित्तीय सहायता ग्रहण करने के बावजूद, कर्जदारों/जमानतियों ने नियत तिथियों के अनुसार ब्याज तथा मूलधन के पुनर्भुगतान में विभिन्न चूक की है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार खाते को नॉन फॉर्मिंग आस्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)** के अधिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण पुनर्गठन एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) में प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में निम्नलिखित कर्जदारों/जमानतियों/बंधककर्ताओं से सूचनाओं में उल्लेखित राशि पर अनुबंध के अनुसार दर से एवं भविष्य की ब्याज व अन्य आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों, राशि सहित सूचनाओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नीचे उल्लेखित संबद्ध तिथियों पर मांग सूचनाएं जारी की थी। उनके अन्तिम ज्ञात पते पर सूचनाएं भेजी गयी थी, किन्तु वे बिना प्राप्ति के वापस कर दी गयी। अतः उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी प्रकार सूचित किया गया है।
सुरक्षित संपत्तिगों को भुनाने के लिए उपलब्ध समग के संबंध में, अधिनिगम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता/बंधक का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता (ओं) / सह-उधारकर्ता (ओं) का नाम | बकाया राशि | सुरक्षित संपत्तियों की संपत्ति का पता |
|---|---|---|
| **नियोल जॉर्ज पुत्र किशन लाल जॉर्ज ....... उधारकर्ता पता:- खसरा नंबर-142 पर मकान, कोंडर शाहदतगंज लखनऊ यूपी 276017. अनामिका जार्जा पत्नी नियोल जॉर्ज ......उधारकर्ता पता:- खसरा नंबर-142, कोंडर शाहदतगंज लखनऊ यूपी 276017.** | रु. 3,70,930/-(रु. तीन लाख सत्तर हज़ार नौ सौ तीस मात्र) और रु. 2,01,178/-(रु. दो लाख एक हज़ार एक सौ अठहत्तर मात्र) दिनांक 07/02/2025 तक ऋण खाते के संदर्भ में SBTHLCNW0000277 & STUHLCNW0000278 | खसरा नंबर. 142 मे भूखण्ड पर निर्मित मकान, ग्राम/मोहल्ला कन्दौर (तुलसी विहार) वार्ड शाहदतगंज तहसील एवं जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश क्षेत्रफल एरिया 46.25 वर्ग मीटर सीमाएँ:- सहजता: अन्य की भूमि पश्चिम:-18 फीट चौड़ी सड़क उत्तर:- श्रीमती जमीला का प्लॉट। दक्षिण:- मुन्नबर अली का प्लॉट। |
| **एनपीए दिनांक- 05-02-2025** | ऋण धनराशि | |
| **डिमांड नोटिस की तिथि: 11-02-2025** | **SBTHLCNW0000277 & STUHLCNW0000278 रू.4,17,444- और रू.2,11514-** | |

उपर्युक्त परिस्थितियों में एतद्वारा उपर्युक्त कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा/अथवा जमानतियों (जो भी प्रयोज्य हो) को ऊपर उल्लेखित के अनुसार भावी ब्याज तथा प्रयोज्य प्रभारों सहित बकाया राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें कथित 60 दिनों की समाप्ति के पश्चात असफल होने पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) एवं उसके तहत प्रयोज्य नियमों के अन्तर्गत कर्जदारों तथा बंधककर्ताओं की प्रतिभूत आस्तियों पर कब्जा लेने सहित प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।
**कृपया ध्यान दें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत कोई भी कर्जदार प्रतिभूत लेनदार की पूर्व सहमति के बिना इस सूचना में सन्दर्भित किसी भी प्रतिभूत आस्ति को पट्टे, बिक्री या अन्यथा विधि से हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।**

स्थान:- आगरा
दिनांक:- 19.02.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

